Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006
Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

an>

Title : Need to restore Railway Postal Services Division, Ajmer.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि 1956 तक केन्द्रशासित प्रदेश रहे तथा राजस्थान के बीचोंबीच अजमेर स्थित, जो ऐतिहासिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक दृटि से अत्यधिक महत्वपूर्ण नगर है, वहां पर कार्यरत राजस्थान के सबसे पुराने रेल डाक सेवा मंडल को डाक विभाग के महानिदेशक के निर्देशानुसार समाप्त कर अन्यत्र स्थानान्तरित करने का ाडयंत्र किया जा रहा है। इस कारण इस मंडल में कार्यरत हजारों कर्मचारियों एवं अधिकारियों में घोर रोा व्याप्त है। रेल डाक सेवा मंडल अजमेर मुख्यालय राजस्थान का सबसे पुराना डिवीजन है। जयपुर एवं जोधपुर डिवीजन इसके बाद बने हैं। यह रेल डाक सेवा मंडल कार्यालय इकाइयों एवं स्टाफ की संख्या, डाक प्रेाण की मात्रा, कार्यभार आदि दृटि से सर्वाधिक बड़ा है। वहां दरगाह शरीफ है और वहां देश-विदेश की डाक आती है, महत्वपूर्ण तीर्थ पुकर यहीं पर स्थित हैं। केन्द्र तथा राज्य सरकार के कई महत्वपूर्ण कार्यालय यहां पर विद्यमान हैं। महानिदेशक डाक विभाग अपनी हठधर्मिता के कारण इस सबसे बड़े एवं पुराने कार्यालय के अस्तित्व को समाप्त करना चाहते हैं।

इसलिए आपके माध्यम से संचार मंत्रालय से अनुरोध है कि तुरंत इसमें हस्तक्षेप कर हजारों कर्मचारियों के हित, व्यापक जनहित तथा अजमेर की महत्वपूर्ण स्थिति को देखते हुए रेल डाक सेवा मंडल अजमेर को पूर्ववत एवं यथावत कार्य करते रहने दिया जाए।